हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–133 : जौनपुर, बुधवार 13 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## गुरु पूर्णिमा पर गोरक्षनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ हुए शामिल

गोरखपुर ब्यूरो : गोरक्ष पीठाधीश्वर, महंत योगी आदित्यनाथ महाराज ने आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर परिसर स्थित अपने पूज्य गुरु राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज व समस्त गुरुजन के समाधि स्थल पर पूजा–अर्चना की। महाराज जी ने इस अवसर पर देव विग्रहों का पूजन भी किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 दिन के दौरे पर 12 जुलाई से गोरखपुर में है दौरे के प्रथम दिन गोरखपुर में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन किया तथा भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को की मीटिंग संबोधित किया तथा सायं काल मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में मंदिर के व्यवस्था को से जानकारी प्राप्त की आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है इस अवसर पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आज



विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है एवं गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत सीएम योगी गुरु गोरक्षनाथ को महाप्रसाद चढ़ाएंगे तथा गुरुओं का पूजन करेंगे एवं मंदिर के शिष्यों को आशीर्वाद देंगे इस बार गोरक्षनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्मृति भवन मैं आयोजित कार्यक्रम में भक्तगण मंदिर से जुड़े साधु संत आम जनमानस भाग लेंगे तथा भजन कीर्तन कार्यक्रम में गुरु गोरक्ष पीठाधीश्वर आशीर्वाद देंगे

## सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर की कार्यवाही रोकने से किया इनकार : अब 10 अगस्त को अगली सुनवाई

नई दिल्ली ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज एक बार फिर से सुनवाई हुई। इस दौरान दोनों पक्षों में जोरदार बहस हुई। जमीयत के वकील दुष्यंत दवे ने कहा कि देश में एक समुदाय के खिलाफ पिक एंड चॉइस की तरह बर्ताव हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक समुदाय के न्याय के लिए निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो रही है। इसपर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि देश में कोई अन्य समुदाय नहीं है और केवल भारतीय समुदाय है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि कानूनी कार्रवाई को बेवजह सनसनीखेज बनाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर की कार्रवाई रोकने से किया इनकार वहीं दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों में विध्वंस पर रोक लगाने का अंतरिम निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अधिकारियों को कार्रवाई करने से रोकने के लिए एक सर्वव्यापी आदेश पारित नहीं कर सकता है। यूपी सरकार ने हलफनामा दाखिल कर दिया जवाब यूपी सरकार ने अपने हलफनामा में कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून के मुताबिक कार्रवाई की गई है, जिन लोगों ने अवैध अतिक्रमण किया है, यूपी सरकार ने उन्हीं लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। सरकार



ने कहा कि छद्म याचिकाएं दाखिल कर अवैध निर्माण करने वालों को बचाने की योजना चल रही है। यूपी सरकार ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रयागराज में ध्वस्तीकरण का मामला लंबित है तो सुप्रीम कोर्ट में इसे लाने की जरूरत है। यूपी सरकार ने कहा कि सहारनपुर मामले में बिना नोटिस के अवैध निर्माण ध्वस्त करने की दलील को सरकार ने पूरे सबूत के साथ दिया है। इसी वजह से अन्य तरीकों का सहारा लिया जा रहा है ताकि अवैध निर्माण करने वालों के साथ–साथ हिंसा तोड़फोड़ में शामिल आरोपियों का भी बचाव किया जा सके।

## रोडवेज बस और ट्रक की आमने सामने की टक्कर में आधा दर्जन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर जनपद की सीमा से सटे जिवली बाजार में बुधवार की सुबह करीब साढ़े छः बजे रोडवेज बस और ट्रक की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए अन्य यात्री बाल बाल बच गए मौके पर पहुंची बरदह और गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस ने गम्भीर घायलों को इलाज हेतु सदर अस्पताल जौनपुर भेजवाया बुधवार की सुबह करीब साढ़े छः बजे गोरखपुर से पंद्रह यात्री लेकर सिविललाइन डिपो कि रोडवेज बस प्रयागराज की तरफ जा रही थी जैसे ही बरदह थाने के जिवली बाजार के पास पहुंची तो जौनपुर से आजमगढ़ की तरफ कोल्डड्रिंक ले कर जा रही ट्रक से सीधी टक्कर हो गई जिसमें रोडवेज के चालक धर्मेंद्र दुबे 50 निवासी प्रयागराज और परिचालक रणजीत सिंह 42 और बस में बैठे आजमगढ़ के रहने वाले संतोष कुमार 34 महताब 27 और निशा देवी 56 निवासी गोरखपुर घायल हो गए वही ट्रक चालक संत कुमार 45 निवासी कौशाम्बी को भी चोट आई मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो वाहनों के गम्भीर रूप से घायल हुए चालको को इलाज हेतु सदर अस्पताल जौनपुर भेजा पुलिस दोनों वाहनों को बरदह थाने ले गई वही बस में बैठे अन्य यात्री बाल बाल बच गए और अन्य वाहनों से चले गए।

## जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय व सीएचसी का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी डॉ. मनीष कुमार वर्मा बुधवार को अचानक ब्लॉक मुख्यालय, सीएचसी एवं पीएचसी अस्पताल पहुँच खामियों की जानकारी ली। खण्ड विकास कार्यालय में अनुपस्थिति लोगों का स्पष्टीकरण के साथ ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत व अन्य मदो के खाते में अवशेष बचे 2.61 करोड़ रुपये पर हैरानी जताई। डीएम सबसे पहले पीएचसी अस्पताल पहुँचे जहां वार्ड ब्वाय गुलाब व एनम साधना से साफ–सफाई, ओपीडी, दवाइयों व डिलेवरी की बारीकी से जानकारी ली डिलीवरी मरीज के नाश्ते व कितने घंटे मरीज अस्पताल पर रोका जाता है की जानकारी ली। थोड़ी ही देर में पहुँचे डॉ. अनुराग ने अस्पताल कुछ आवश्यकताओ कि जानकारी दी। डीएम समीप आंगनवाड़ी केंद्र पहुँचे जहां जर्जर आवास देख हैरानी जताते हुए मरम्मत करवाने व ब्लाक परिषर को साफ रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ब्लॉक मुख्यालय पहुँच उपस्थिति पंजिका पर अनुपस्थिति लोगों का स्पष्टीकरण मांगा। एकाउंटेट से खाते में पड़े 2.61 करोड़ रुपये खर्च न होने पर हैरानी जताते हुए सीडीओ से जांच करवाने का निर्देश दिया कि क्यों इस पैसे का उपयोग कार्यों में नहीं खर्च किया गया।उन्होंने एपीओ अंकित सिंह से मनरेगा कार्य की जानकारी के साथ अमृत सरोवर तालाबों के विषय में जानकारी ली। प्रभारी एडीओ पंचायत से सामुदायिक शौचालय व लाभार्थियोंवही आवास की जानकारी के साथ सभी ग्राम पंचायतों का आवास डाटा राजिस्ट बनाकर दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। डीएम सीधे नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल पहुँच दवा की उपलब्धता व दवा के लिए आये विरभानपुर निवासी पन्नालाल, इंग्लिशिया की अनारा देवी व विकलांग बच्ची राधिका से वार्ता कर अस्पताल की भ्रमण किया। इस दौरान बीडीओ राजीव कुमार सिंह,प्रभारी एडीओ पंचायत सुनील यादव, अधीक्षक डॉ. जीके सिंह, डॉ. मनीष कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने विकास भवन स्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण : अनुपस्थित मिले कर्मचारियों व अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना के औचक निरीक्षण में विकास भवन में स्थित कार्यालयों में दर्जनों कर्मचारी मिले अनुपस्थित कर्मचारियों के अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण जिन कार्यालयों में साफ–सफाई नहीं था उनके कार्यालय प्रभारी को जमकर लगाई फटकार विकास भवन के शौचालयों में गंदगी का अंबार मिला। सीडीओ ने अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। बुधवार को दोपहर करीब 10. 50 बजे विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकतर कार्यालयों में अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित अधिकारीध्कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। कहा कि संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर कार्यालयों में नदारद मिले अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ द्वारा निरीक्षण के दौरान कुछ कार्यालयों में शौचालयों, टॉयलेट, वॉटर कूलर के आसपास गंदगी पसरी थी। हर जगह गुटखा आदि थूका हुआ था। सीडीओ ने अधिकारी, कर्मचारियों को समय पर कार्यालयों में



उपस्थित होने के साथ ही सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जनता की समस्याएं सुनने के निर्देश दिए। कहा कि दफ्तरों में भविष्य में भी औचक निरीक्षण किया जाएगा अगर उस दौरान अनुपस्थित कोई अधिकारी या कर्मचारी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी हर कार्यालयों की सफाई बेहतर तरीके से किया जाये आने वाले आगंतुक से शिष्टाचार बर्ताव किया जाए उनके समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समस्याओं का निस्तारण समय बद्ध तरीके से किया जाए किसी भी फरियादी को बेवजह ऑफिसों का चक्कर ना लगवाया जाए।

## पूर्वांचल में होने वाली है झमाझम बारिश : गोरखपुर और आसपास के जिलों में होगी मानसूनी बारिश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गर्मी से बेहाल लोगों को अगले 24 से 48 घंटे में राहत मिल सकती है। झमाझम वर्षा के आसार हैं। इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। आज शाम से शुरू हो सकती है बारिश आधी जुलाई बीतने के करीब है। आम तौर पर यह सीजन झमाझम वर्षा के लिए जाना जाता है, लेकिन यहां आषाढ़ समाप्त होने वाला है और यहां पसीने के वर्षा हो रही है। पंखे की हवा में भी लोग पसीने से भीग जा रहे हैं। चटक धूप में लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। दिन दहक रहा है और रात तप रही है। गर्मी से बेहाल लोग वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दिन में कई बार बादल छा रहे हैं, लेकिन वर्षा नहीं हो रही है। रात का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के करीब है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया कि मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। हल्की वर्षा की संभावना है। तापमान अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। मानसून की आहट से नीचे आया पाराय मंगलवार सुबह के न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट आई है, लेकिन लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। सुबह का न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। यह जुलाई के औसत से करीब 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है। बता दें जुलाई माह का औसत न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस है। सुबह



पंखे की हवा में भी लोग पसीने से तरबतर दिखे। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह जुलाई के औसत तापमान से करीब तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। इतना है जुलाई का औसत तापमान जुलाई का औसत अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस है। दो दिन पूर्व हुई वर्षा से किसानों ने रोपाई तेज कर दी थी, लेकिन अब चटक धूप से उनकी फसल फिर से मुरझाने लगी है। लोग अब वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। किसानों का मानना है कि स्थिति यही रही तो उनकी फसलों को भारी नुकसान होगा। कैंपियरगंज, पिपराइच, सहजनवां, बांसगांव, बेलीपार, बड़हलगंज, चौरी चौरा क्षेत्र के तमाम किसान अभी भी अपने धान की रोपाई नहीं कर सके हैं। वह प्रतीक्षा कर रहे हैं कि वर्षा हो और अपने खेतों की रोपाई शुरू करें।

## पीएचसी बगथरी का सीएमओ नें किया निरीक्षण : अस्पताल मरम्मत कार्यों के लिए इंजीनियर को दिया निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुफ्तीगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बगथरी का निरीक्षण किया। चिकित्साधिकारी विनय कुमार राव वाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में मौजूद मिले। ओपीडी में मरीजों की संख्या कम दिखने पर सीएमओ ने मरीजों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही साफ–सफाई सुनिश्चित कराने को कहा। फर्श खराब दिखने पर कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में दो माह पहले ही पत्राचार किया जा चुका है। अस्पताल में जहां भी मरम्मत की जरूरत दिखी उसे दुरुस्त कराने का संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिया। एएनएम विनीता मूवमेंट रजिस्टर भरकर गांव में बने टीकाकरण स्थल बगथरी गईं थीं जबकि कैंसर पीड़ित फार्मासिस्ट जितेंद्रनाथ साह पत्र देकर अपना इलाज कराने बीएचयू गए थे। इस पर सीएमओ ने डॉ राव से कहा कि अब सिर्फ पत्र से छुट्टी नहीं ली जाती। इसके लिए आनलाइन छुट्टी लेनी होती है। आगे से मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से छुट्टी का आवेदन करवाइये। स्वीपर अशोक कुमार मौके पर मौजूद मिले। इसके बाद सीएमओ टीकाकरण स्थल पहुंचीं। वहां ड्यूलिस्ट के अनुसार टीका लगाया जा रहा था। टीकाकरण सत्र पर सभी टीके मौजूद दिखे। गर्भवती की सभी जांचें हो रहीं थीं। सीएमओ ने कोविड टीकाकरण से छूटे बच्चों का



टीकाकरण यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। निडिल काटने वाला हब कटर काम नहीं कर रहा था जिसे बदलने का निर्देश दिया। सीएमओ के साथ एसीएमओ डॉ प्रभात कुमार मौजूद थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में पहुंची रितुल प्रसून : जिले का नाम किया रोशन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कहते हैं मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, देर से ही सफलता जरूर मिलती है। यह कहावत कहीं ना कहीं किसी सफलता को दर्शाती हुई नजर आ रही है। आपको जानकर उत्साह भी होगा और आश्चर्य भी। जिले की एक मध्यमवर्ग परिवार



की बेटी रितुल प्रसून ने इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान में प्रवेश हासिल किया है। रितुल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा 'गभड़िया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल' से हासिल की उसके बाद आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए परिवार से दूर होकर अन्य शहरों से भी पढ़ाई की। रितुल ने बताया कि बी०टेक करके इसरो के शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेना एक चुनौती भरा मार्ग था। रितुल परिवार में सबसे छोटी हैं एक भाई जो इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर नोएडा में अपने लक्ष्य को पाने के लिए अध्ययनरत है। रितुल के पिता राजीव श्रीवास्तव पेशे से डॉक्टर हैं जो लंबे समय से लोगों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसरो में चयन होने के बाद जब रितुल अपने जिले पहुंची तो विद्यालय प्रबंधक एवं सभी गुरुजनों ने बेटी का जोरदार स्वागत किया तथा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों दो मौजूद अभिभावकगणों से मिलवाया। विद्यालय प्रबंधक अब्दुल सत्तार ने बेटी रितुल प्रसून को उपहार भेंट कर भविष्य में सफल होने की मंगल कामनाएं की एवं अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर प्रबंधक अब्दुल सत्तार, प्रधानाचार्या रोजिना जावेद, उपप्रधानाचार्य प्रशांत उपाध्याय, सभी शिक्षकगण एवं काफी संख्या में अभिभावकगण भी मौजूद रहे।

## लगातार हो रही विधुत कटौती से परेशान उपभोक्ताओं नें कुड़वार पावर हाउस का किया घेराव

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : एक तरफ जहां भीषण गर्मी से हाहाकार मचा हुआ है।वही बिजली विभिन्न की आंखमिचौली से उपभोक्ताओं में काफी रोष है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की बिजली की सप्लाई कुड़वार बिजलीघर से की जाती है।जिससे करीब 150 गांव लाभान्वित होते है।एकतरफ जहां बारिश न होने से किसान सहित उपभोक्ता अपने आप को ठगा हुआ



महसूस कर रहा है।वही बिजली विभाग भी रोस्टर के अनुसार बिजली सप्लाई नही कर पा रहा है।सप्ताह भर को देखा जाय तो लगभग हर दूसरे दिन 33 हजार की लाइन ब्रेक डाउन हो गई।जिसकी सूचना भी विभाग द्वारा संचालित ग्रुप पर नही दी जाती।दूसरी तरफ सप्लाई फेल होते ही विभागीय लोगो के नम्बर या तो स्विच ऑफ हो जाते है या नेटवर्क क्षेत्र के बाहर हो जाते है।जिससे उपभोक्ताओं को सही जानकारी भी नही मिल पाती।33 हजार का फॉल्ट सही होने के बाद थोड़ी देर सप्लाई चलने के बाद ही रोस्टिंग का मैसेज आ जाता है।जिससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।कल रात में लगभग साढ़े ग्यारह बजे लाइट चली गई जिसके बाद विभाग द्वारा संचालित ग्रुप में कोई मैसेज नही दिया गया।पूरी रात उपभोक्ता लाइट का इंतजार करते रहे।सुबह करीब 11 बजे सप्लाई आयी जो करीब डेढ़ घण्टा चलने के बाद ही रोस्टिंग हो गई।जिसके बाद शाम साढ़े चार बजे फिर सप्लाई आयी जो एक घण्टे चलने के बाद फिर 33 हजार ब्रेक डाउन का मैसेज आ गया।इस सम्बंध में जेई से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नही उठा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**दुनिया की सबसे अच्छी किताब हम स्वयं हैं, खुद को समझ लीजिये, सब समस्याओं का समाधान हो जायेगा।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# सत्ताधीशों की मनमानी का फल भोग रहा है श्रीलंका

विदेशी कर्ज की अदायगी से हाथ खड़ा कर देने वाली सरकार ने प्रमाण दे दिया कि देश वस्तुतः दीवालिया हो चुका है। इन स्थितियों में भी भारत ने 3.5 खरब डॉलर की मदद दी।

दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में दर्ज हो गया कि पहली बार निहत्थी जनता ने सड़कों पर आकर, विधिवत एक निर्वाचित सरकार को उखाड़ फेंका, राष्ट्रपति भवन पर कब्जा किया और प्रधानमंत्री आवास को फूंक डाला। श्रीलंका की जनता ने पिछले मई में देश के सर्वशक्तिमान राजपक्षे परिवार के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को जान बचाकर भागने और नौसैनिक अड्डे पर शरण लेने को मजबूर कर दिया था। महिंदा की हैसियत अपने भाई, लगभग निवर्तमान हो चुके राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे से ज्यादा थी, क्योंकि उन्होंने ही राष्ट्रपति के नाते मई, 2009 में तमिल इलाकों को तहस–नहस करवाने के बाद लगभग ढाई दशक से चल रहे गृहयुद्ध को खत्म करवाया था। राजपक्षे परिवार ने तमिलों के पराभव को सिंहल बहुसंख्यकवाद के वर्चस्व की स्थापना के रूप में प्रस्तुत किया था। राजपक्षे परिवार की ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के शीर्ष चार पदों पर परिवार के लोग ही थेय इसके अलावा नौकरशाही, सेना और अन्य पदों पर भी इसी खानदान के लोग काबिज थे।

सत्ता के अहंकार ने राजपक्षे परिवार को जनता के गुस्से का एहसास नहीं होने दिया। महीनों से सड़कों पर उतरे लाखों लोगों की यह बुलंद आवाज भी नहीं सुनाई पड़ी– गोता गद्दी छोड़ दो, गोता अब घर जाओ। गोतबाया ने हिसाब लगाया कि दूसरे परिवार के रानिल विक्रमसिंघे को प्रधानमंत्री बनाकर संकट पर काबू पाया जा सकता है। इस तरह सर्जरी के केस को पेनकिलर से ठीक करने की कोशिश होती रही। लेकिन रोजमर्रा का संकट बढ़ता रहा। पेट्रोल–डीजल, खाने–पीने की चीजों और दवाओं की कमी ने आम आदमी की दुश्वारियों को असहनीय बना दिया। अन्न संकट की वजह यह रही कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने रासायनिक खाद के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। पिछले सीजन में अनाज की पैदावार में भारी गिरावट आ गई। खत्म हो रही विदेशी मुद्रा से तेल आयात रुकने लगा।

विदेशी कर्ज की अदायगी से हाथ खड़ा कर देने वाली सरकार ने प्रमाण दे दिया कि देश वस्तुतः दीवालिया हो चुका है। इन स्थितियों में भी भारत ने 3.5 खरब डॉलर की मदद दी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम दस दिनों तक कोलंबो में रहने के बाद भी कोई भरोसा दिए बगैर लौट गई। प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे ने कहा कि इस साल घोर मंदी रहेगी और अन्न, ईंधन व दवाओं का जबर्दस्त अभाव बना रहेगा। सच यह है कि राजपक्षे परिवार ने कांटों और जहरीले कीटों से भरी जिस गहरी खाई में देश को धकेल दिया है, उससे निकलना आसान नहीं है। श्रीलंका घृणा की राजनीति का कुफल भोगने के अभिशाप का एक क्लासिक उदाहरण है। 1948 में आजाद होने के बाद ही सिंहल वर्चस्व की स्थापना का रास्ता तलाशा जाने लगा था। 1956 में करीब 15 प्रतिशत जनता की भाषा, तमिल के वजूद को नकारते हुए सिंहली को देश की एकमात्र भाषा का दर्जा देने का कानून बन गया। व्यापक दबाव में बाद में इसमें परिवर्तन किया गया। इसी एक भाषा नीति की वजह से बौद्ध भिक्षु सोमारामा थेरो ने 1959 में प्रधानमंत्री एसडब्ल्यूआरडी भंडारनायके को उन्हीं के आवास पर गोली मार दी थी। सिंहल वर्चस्ववादी सरकार ने धीरे–धीरे साफ कर दिया कि श्रीलंका में तमिलों के लिए जगह नहीं है।

वर्षों से रह रहे तमिलों को नागरिकता देने के बजाय भारत को लाखों तमिलों को अपनाने के लिए बाध्य किया गया। 1964 के शास्त्री–सिरिमावो समझौते के बाद भी तमिल समस्या हल नहीं हुई, जिसकी परिणति अंततः 26 साल के गृहयुद्ध में हुई। सिंहली नेता समझ नहीं पाए कि जब दिमागों में नफरत भरी जाती है और समाज का सैन्यीकरण होने लगता है, तो उसका दुष्परिणाम एक वर्ग तक सीमित नहीं रहता। पिछली शताब्दी के आठवें दशक में उग्र सिंहली संगठन, जनता विमुक्ति पेरामुना रोहण विजयवीर के नेतृत्व में सत्ता हथियाने से बस थोड़ी दूर रह गया था। यह छोटे स्तर का गृहयुद्ध था।

सिंहली नेताओं ने एक और घातक चूक की। अरमान और औकात के बीच नाभिनाल के संबंध की बिल्कुल अनदेखी करते हुए वे भू–राजनीतिक खेल में कूद पड़े। विदेश में पढ़े सिंहली नेता भू–राजनीति के इस बुनियादी सिद्धांत को भूल गए कि जिनकी जेबें और बखार लबालब न भरे हों, उन्हें इस खतरनाक खेल से दूर रहना चाहिए। भारत को चिढ़ाने के लिए, सामरिक महत्व के त्रिंकोमाली बंदरगाह पर वॉयस ऑफ अमेरिका का स्टेशन बनाने की अनुमति अमेरिका को दे दी। वहां चीन ही नहीं, पाकिस्तान का भी प्रभाव बढ़ने लगा। तमिल इलाकों में रसद पहुंचने का मार्ग बाधित कर दिया गया। इंदिरा गांधी जैसी कड़क प्रधानमंत्री भला यह सब कैसे बर्दाश्त करती! भारतीय लड़ाकू विमानों ने बहुत नीचे की उड़ान भरकर तमिल इलाकों में रसद गिरानी शुरू कर दी। श्रीलंका की संकीर्ण नीतियों के कारण 1987 का राजीव–जयवर्धने समझौता भी विफल हो गया, जबकि इससे ऐतिहासिक समाधान निकल सकता था।

कंगाली से उबरने के लिए समावेशी, सर्वग्राही लोकतांत्रिक मार्ग पर चलना श्रीलंका के लिए जरूरी है। बीस फीसदी आबादी (15 फीसदी तमिल और पांच फीसदी मुसलमान) के अस्तित्व को नकार कर आंतरिक शांति असंभव है। और उसके बिना आर्थिक खुशहाली भी नामुमकिन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के व्यापक आर्थिक हस्तक्षेप से ही कई वर्ष बाद श्रीलंका आर्थिक संकट से उबर सकता है। लेकिन जनता को इस सहायता की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। महंगाई बेलगाम होती जाएगी, खाने–पीने की चीजों की किल्लत बनी रहेगी, पेट्रोल–डीजल का अभाव बना रहेगा, नए–नए करों से आमदनी और घट जाएगी, कल्याणकारी योजनाओं पर अंकुश लग जाएगा। संक्षेप में, जनता को उन सभी यंत्रणाओं से गुजरना पड़ेगा, जो अनेक लातिन अमेरिकी और दक्षिण कोरिया व इंडोनेशिया जैसे देशों की जनता ने अतीत में भोगी हैं।

समान नागरिकता के आधार पर कारगर सामाजिक–सांविधानिक सुधारों की अनुपस्थिति में मुसीबत फिर भी बनी रहेगी। संसद अध्यक्ष सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले लें और निकट भविष्य में चुनाव हो जाए, तो वह एक मामूली शुरुआत होगी। तमिल जनता नए संविधान की मांग कर रही है। ये सब हो जाने पर भी सिंहल नेताओं को दिलों से धार्मिक–नस्ली नफरत निकाल देने की अपरिहार्य शर्त पूरी करनी पड़ेगी। अन्यथा इतिहास की पुनरावृत्ति तो क्रूरतापूर्ण होती ही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया तीन विद्यालयो का औचक निरीक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला विद्यालय निरीक्षक वी0के0 दुबे ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में आज विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। आदर्श कृष्ण विद्या मंदिर इण्टर कालेज भदैचा का पूर्वान्ह 10.05 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका पर विद्यालय के प्रधानाचार्य समय सिंह के 08 जुलाई से 12 जुलाई 2022 तक, संजीव कुमार सिंह सहायक अध्यापक के 07 जुलाई से 12 जुलाई 2022 तक हस्ताक्षर नहीं पाये गये तथा उनके द्वारा कोई प्रार्थना पत्र भी नहीं दिया गया था। विनोद कुमार शर्मा स०अ० विद्यालय में उपस्थित थे किन्तु उनके द्वारा पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं किये गये। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना अन्तर्गत भोजन में तहरी बनी हुयी थी जो मीनू के अनुसार नहीं पायी गयी। अखिलेश कुमार यादव स०अ० द्वारा शिक्षण कक्ष से बाहर अध्यापन कार्य किया जाना पाया गया विद्यालय परिसर के अन्दर झाड़िया खड़ी हुयी पायी गयी। विद्यालय के कीड़ा अध्यापक नेहुल कुमार यादव के द्वारा अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को कीड़ा सम्बन्धी कोई भी किया कलाप नहीं कराये गये एवं कीड़ा स्थल पर बड़ी–बड़ी घास खड़ी हुयी थी विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा शिक्षक डायरी नही बनायी गयी थी। अस्तु प्रधानाचार्य समय सिंह एवं संजीव कुमार सिंह सहायक अध्यापक को अनुपस्थित मानते हुये उक्त अवधि का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। विनोद कुमार शर्मा स०अ० को भविष्य में पुनरावृत्ति न होने के सम्बन्ध में कठोर चेतावनी दी गयी तथा नेहुल कुमार यादव को तत्काल कीडा स्थल को एक सप्ताह में सही कराकर क्रियाकलाप एवं समस्त शिक्षकों को शिक्षक डायरी बनाकर प्रतिदिन प्रधानाचार्य से अवलोकित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अन्धर्रा का पूर्वान्ह 10.50 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यपिका सहित सभी शिक्षिकाये उपस्थित पायी गयीं विद्यालय में कक्षा 9 में 31 के सापेक्ष 16 तथा कक्षा 10 में 57 के सापेक्ष 31 छात्र/छात्रायें उपस्थित पाये गये विद्यालय परिसर एवं शिक्षण कक्षों में सही ढंग से साफ–सफाई नहीं पायी गयी।





विद्यालय में प्रवेश की गति न्यून होने के कारण प्रधानाध्यापिका को जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक से तथा डोर टू डोर सम्पर्क करने के निर्देश दिये गये विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षक डायरी नहीं बनायी गयी थी इन कमियों के दृष्टिगत विद्यालय प्रधानाचार्य व शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध करते हुये एक सप्ताह में सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। दयानन्द इण्टर कालेज सुरसा विद्यालय का अपरान्ह 12.15 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित पाये गये वीरेन्द्र यादव स०अ० एवं बृजलाल स०अ० द्वारा शिक्षण कक्ष से बाहर अध्यापन कार्य किया जाना पाया गया। इस सम्बन्ध में दोनो अध्यापकों को शिक्षण कक्ष के अन्दर श्याम पट के माध्यम से शिक्षण कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया विद्यालय परिसर में चारो ओर घास/झाड़िया खड़ी हुयी पायी गयी तथा विद्यालय परिसर में पंचायत विभाग हेतु शिलापटों का निर्माण एवं भंडारण होना पाया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षक डायरी नही बनायी गयी थी। इन कमियों के दृष्टिगत विद्यालय प्रधानाचार्य व शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध करते हुये एक सप्ताह में सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## टीम लखनऊ ने लुलु मॉल के चेयरमैन एम ए यूसुफ अली से की मुलाकात : लखनऊ में 2 हजार करोड़ का निवेश करने पर उनका अदा किया शुक्रिया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एम ए यूसुफ अली जी से टीम लखनऊ के सदस्यों ने मिलकर लखनऊ की सरजमीं पर 2 हजार करोड़ का निवेश करके लुलु मॉल बनाने पर उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर टीम लखनऊ द्वारा मोमेंटो,शाल व बुके देकर उनका शानदार तरीके से स्वागत करके उन्हे सम्मानित भी किया गया तथा प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश करने की गुजारिश भी की गई ।जिससे प्रदेश के लोगो को रोजगार मिलने में आसानी हो सके ।इस मौके पर युसूफ अली ने बताया कि लखनऊ के लूलु माल को बनाने का प्रस्ताव इन्वेस्टर्स समिट में किया गया था ।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया था कि काम शुरू करो कोई दिक्कत नहीं आएगी। इस सम्मान कार्यक्रम में टीम लखनऊ के निगहत खान,मुर्तजा अली,अब्दुल वहीद,शहजादे कलीम, जुबैर अहमद,तौसीफ हुसैन,एम.एम मोहसिन और आरिफ मुकीम की मौजूदगी



मे टीम के सदस्यों ने उन्हें लखनऊ की शान रूमी गेट का स्मृति चिन्ह,शाल और बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर टीम लखनऊ के कार्यों से उन्हें अवगत भी कराया गया। एम ए यूसुफ अली जी ने टीम लखनऊ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जब भी हमारी जरूरत हो हमे याद करिएगा। हमे आप अपने साथ पाएंगे ।उन्होंने आगे भी उत्तर प्रदेश में निवेश करने की बात कही है।

## गुरु पूर्णिमा पर प्राचार्य प्रो.अभय सिंह एवं प्रो. मिर्जा शहाब शाह सहित कई शिक्षक गुरु वशिष्ठ सम्मान पत्र से सम्मानित

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साकेत महाविद्यालय कर्मचारी परिषद एवं मां शांति सेवा फाउंडेशन ने संयुक्त रुप से साकेत महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा दिवस मनाया इस अवसर पर संरक्षक बसंत राम एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से गुरुजनों को रोली कुमकुम लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी संरक्षक बसंत राम ने प्रो. अभय कुमार सिंह प्राचार्य, प्रो. मिर्जा शहाब शाह वाणिज्य संकाय,को गुरु वशिष्ठ सम्मान पत्र से सम्मानित किया। मुख्य नियंता प्रो. अनिल कुमार सिंह हिंदी विभाग, प्रो. अशोक कुमार राय विधि विभाग ,असि. प्रो उमापति उर्दू विभाग ,प्रो.अशोक कुमार मिश्र वाणिज्य संकाय, को माल्यार्पण कर सम्मानित किया और उपहार में गुरुजनों को पौधा सप्रेम भेंट किया ।सभी शिक्षकों ने गुरु पूर्णिमा पर आशीर्वाद देते हुए कहा सराहनीय कार्य है सभी को गुरु के प्रति प्रेम भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.अभय कुमार सिंह ने कहा पुरुषोत्तम श्री राम की नगरी में साकेत महाविद्यालय के शिक्षक ऋषि मुनियों की तरह शिक्षा देते हैं एवं विद्यार्थियों के प्रति प्रेम भाव रखते हैं गुरु और विद्यार्थी का प्रेम सनातन से चला आ रहा है और आज मां शांति सेवा फाउंडेशन की अध्यक्षा एवं सदस्यों ने महापुरुषों की याद दिलाई इस सराहनीय कार्य के लिए मैं फाउंडेशन परिवार को आशीर्वाद एवं बधाई देता हूं और महाविद्यालय कर्मचारी परिषद को



मेरा स्नेह प्यार है ।और प्रो. मिर्जा शहाब शाह ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में ऊंच–नीच जातिवाद नहीं होता शिक्षा सभी का अधिकार है शिक्षक विद्यार्थियों के प्रति उसने प्यार रखता है जितना विद्यार्थी बढ़ेगा उतना शिक्षक का मान सम्मान बढ़ता है। संस्था के मुखिया बसंत राम ने कहा महापुरुषों को याद करने से आत्मबल बढ़ता है और माता पिता एवं गुरु का सम्मान करने से समाज एवं परिवार में सम्मान बढ़ता है गुरुओं के सम्मान में अध्यक्ष नेहा कुमारी डॉ.देवेंद्र श्रीवास्तव ,सुशांत यादव महामंत्री ,अध्यक्ष बसंत राम, अखिलेश कुमार ,इंद्रजीत ,राजीव पांडे ,मोहम्मद शमसुद्दीन, महेश कुमार ,संजय प्रजापति, अमित कुमार चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

## अपने गुरु का आजीवन सम्मान करनें का बच्चों ने लिया संकल्प

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गुरु वह होता है जो ज्ञान देता है और ज्ञान के द्वारा व्यक्ति के जीवन को बदल देता है स अच्छा गुरु मिल जाएगा तो शिष्य का अच्छा जीवन बन जाएगा स इसलिए हमेशा यह कोशिश करना चाहिए गुरु अच्छा होना चाहिए स अच्छे गुरु की पहचान क्या है स अच्छे बुरे की पहचान कर के गुरु व्यक्ति को वही बात बताएं जो उसके हित में हो और जो उसमें दुर्गुणों को निकालने में पूरी ताकत लगा दे स जो गुरु अपने शिष्य के दुर्गुणों को दूर कर देता है, सद्गुणों को समाहित कर देता है वही अच्छा गुरु होता है स जब कभी आपको अच्छा गुरु मिल जाए तो फिर उसकी हर बात माननी चाहिए क्योंकि अच्छा गुरु कभी कोई गलत बात करता ही नहीं है स उक्त विचार आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एस.एस डी पब्लिक स्कूल अली नगर सुनहरा, कृष्णा नगर लखनऊ में बच्चों को संबोधित करते हुए मानव धर्म मंदिर के संस्थापक रामानंद सैनी ने व्यक्त किए सआज गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया स विशेष रुप से गणित शिक्षक कैलाश शर्मा को प्रबंधक जी के द्वारा सम्मानित किया गया स प्रबंधक रामानंद सैनी,



प्रधानाचार्य मंजू सैनी शिक्षिका मधु अवस्थी, कीर्ति पाल, सोनाली सिंह, आशुतोष उपाध्याय, सर्वेश कुमार, सैयद जीशान अली ने गुरु पूर्णिमा पर अपने अपने विचारों को व्यक्त किया स वही प्रबंधक रामानंद सैनी के द्वारा राष्ट्रमाता और देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को माल्यार्पण करके पूजा अर्चना की स सभी शिक्षकों और बच्चों ने माता सावित्री फुले और राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए स इस अवसर पर सभी बच्चों ने संकल्प लिया कि हम अपने गुरु का आजीवन सम्मान करेंगे, उनकी आज्ञा का पालन करेंगे और उनके बताए हुए रास्ते पर चलेंगे।

## सभी सुविधाओं से लैश होगा नगर पंचायत कुमारगंज–संजय शुक्ला

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज के पहले अधिशासी अधिकारी के रूप में संजय शुक्ला की तैनाती शासन से हुई है । इससे पहले ये परसदेपुर रायबरेली में तैनात थे। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र की नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज में अधिशासी अधिकारी की तैनाती शासन ने कर दी। रायबरेली में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात रहे संजय शुक्ला को यहां का अधिशासी अधिकारी बनाया गया है। वो कुमारगंज नगर पंचायत के पहले ईओ है। नए ईओ की तैनाती ना होने के चलते कुमारगंज नगर पंचायत के ईओ का प्रभार भदरसा नगर पंचायत की ई ओ लक्ष्मी चौरसिया के पास था। अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला की तैनाती होने के बाद से नगर पंचायत के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने सफाई कर्मियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अब सफाई का कार्य सुबह 6:00 बजे से 10:00 बजे व 2:00 बजे से 5:00 बजे तक किया जाएगा ।संजय शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के संभ्रांत लोगों का सहयोग मिलेगा तो नगर पंचायत को सभी सुविधाओं से लैश होगा किसी भी पीड़ित को ब्लॉक मुख्यालय व तहसील का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई की जाएगी नगर पंचायत की जनता की हर समस्या का निदान जनसुनवाई में करने का प्रयास किया जाएगा।

## आगामी 13 अगस्त को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु तहसीलदारगण के साथ की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर महोदया के आदेशानुसार, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त 2022 दिन शनिवार को राजस्व के अधिकाधिक वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु 13 जुलाई 2022 को तहसीलदारगण एवं पैरालीगल वालेंटियर्स (पी0एल0वी0) की बैठक सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम की अध्यक्षता में सम्पन्न की गयी, बैठक में तहसीलदार सदर, बदलापुर, केराकत, मछलीशहर, मड़ियाहूँ, नायब तहसीलदार मड़ियाहूँ, व समस्त पी0एल0वी0 गण उपस्थित रहे। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम द्वारा बैठक में उपस्थित तहसीलदारगणों से निस्तारण योग्य मामलों को चिन्हित कर उसमें पक्षकारों पर नोटिस तामीला प्रभावी ढ़ग से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त तहसीलदारगण द्वारा बताया गया कि लोक अदालत में राजस्व के अधिकतम वादों का सुलह–समझौते



के आधार पर निस्तारण हेतु वादकारियों को नोटिस प्रेषित की जा रही है, उनके द्वारा लोक अदालत में अधिकतम वादों का निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त समस्त पी0एल0वी0 गण को निर्देशित किया गया कि आगामी 13 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार कर लोगों को जागरूक करें तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।

## जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट गुलाब सिंह से दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और पूछा कि किस बीमारी के मरीज अधिक आ रहे है और उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक सीएचसी एवं पीएचसी की प्रतिदिन की ओपीडी की रिपोर्ट दे। लेबर रूम निरीक्षण में सरिता देवी की डिलीवरी के उपरांत 48 घंटे नहीं रुकने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्टाफ नर्स को निर्देशित किया कि 48 घंटा रुकना सुनिश्चित किया जाए। स्टाफ नर्स द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन दो से तीन डिलीवरी की जाती है। डॉ0 अनुराग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कुछ कर्मचारियों का अन्य जगह स्थानांतरण हो गया है, लेकिन उन्होंने आवास खाली नहीं किया है, इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहां की तत्काल उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा के निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया है कि मुख्य मार्ग से लेकर सीएचसी तक सफाई का विशेष अभियान चलाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जितनी भी एंबुलेंस निष्प्रयोज्य हो चुकी है, उन्हें सीएचसी से हटाकर नीलाम करने की कार्यवाही की जाए। चिकित्सा अधीक्षक जी0के0 सिंह के द्वारा बताया गया कि कुल 100 मरीज देखे जा चुके हैं और इस समय सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज ज्यादातर आ रहे हैं।



जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि टेलीमेडिसिन का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे लोग घर बैठे ही परामर्श प्राप्त करें और उन्हें जिला अस्पताल या अन्य जगह न जाना पड़े। जिलाधिकारी ने लैब टेक्नीशियन के द्वारा की जा रही जांच के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि टीवी के सैंपल अधिक से अधिक लिए जाए। जिलाधिकारी के द्वारा आए हुए मरीजों से बात की और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। रन्नो दक्षिणपट्टी निवासी राधिका (12वर्ष) के जन्मजात पोलियो की बीमारी के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिसपर जिलाधिकारी ने डा0 आर सी यादव को निर्देशित किया कि बच्चें की हर–सम्भव इलाज कराकर अवगत कराये। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि मरीजों को बैठने के लिए कुर्सी, पेयजल, वेस्ट डिस्पोजल, वैक्सीन का रख–रखाव सहित विभिन्न दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ आलोक रघुवंशी, डॉ0 मनीष सोनकर सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## थाना मीरगंज पुलिस ने पिस्टल से फायर कर हत्या का प्रयास करने वाले 02वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मीरगंज श्री बृजेश कुमार गुप्ता मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 74/22 धारा 323/504/506/307 व 3(2)V SC/ST ACT भादवि में वांछित अभियुक्त पवन सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी करियाँव दरापुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर को जरौना रेलवे स्टेशन के पास से तथा मु0अ0सं0 75/2022 धारा 323/324/307 भादवि में वांछित अभि0 राहुल गौतम पुत्र लालचन्द निवासी करियाँव दरापुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर को निगोह तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. पवन सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी करियाँव दरापुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र 32 वर्ष। 2. राहुल गौतम पुत्र लालचन्द निवासी करियाँव दरापुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुरउम्र 28 वर्ष। आपराधिक इतिहास–अभियुक्त पवन सिंह – 1. मु0अ0सं0 74/22 धारा 323/504/506/307 व 3(2)V SC/ST ACT भादवि थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। अभियुक्त राहुल कुमार गौतम 1. मु0अ0सं0 75/2022 धारा 323/324/307 भादवि थाना मीरगंज, जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 24/2022 धारा 171H/188/269 IPC थाना मीरगंज,जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 17/2022 धारा 147/148/149/323/394/427/504/506 भादवि थाना मछलीशहर, जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीमः– 1. थानाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार गुप्ता थाना मीरगंज, जौनपुर। 2.का0 पप्पू कुमार थाना मीरगंज, जौनपुर। 3.का0 प्रदीप कुमार थाना मीरगंज, जौनपुर। 4. का0 अशोक यादव थाना मीरगंज, जौनपुर।

## पत्रकार के भाई की मजलिस ए बरसी आज : मौलाना हसन अकबर रन्नवी मजलिस को खिताब फरमाएंगे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के तेज तर्रार पत्रकार तामीर हसन शीबू के बड़े भाई आदिल ताज ताजवर की मजलिस ए बरसी 13 जुलाई को होगी। शहर के इमामबाड़ा मीर सखावत हुसैन मरहूम पोस्तीखाना ख्वाजा दोस्त में रात आठ बजे होने वाली है इस मजलिस के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मजलिस की शुरुआत सोजखानी से की जाएगी। जिसे गौहर अली जैदी व उनके हमनवां साथी अंजाम देंगे। बाद मजलिस को खिताब करेंगे मौलाना हसन अकबर रन्नवी इसके बाद अंजुमन जाफरिया रजी. ताड़ताला नौहा मातम करेंगी। जिले के युवा पत्रकार तामीर हसन शिबू के बड़े भाई समाजसेवी का निधन पिछले वर्ष 24 जुलाई को सीढ़ी से गिरने से हो गया था।जिसमे उनके सर में क्लाटिंग हो गई थी।आनन फानन में उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया।वहां चिकित्सकों के अथक प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और उनका निधन हो गया। पत्रकार के भाई ने अपने पीछे चार बच्चों को छोड़ रखा है, जिसमें दो बेटी और दो जुड़वा बेटे शामिल हैं। पत्रकार तामीर हसन शीबू ने मजलिस में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## श्रद्धा पूर्वक पूजे गए भगवान गुरु : खाना पट्टी के अवधूत कुटी पर जुटे श्रद्धालु

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आश्रमो पर श्रद्धापूर्वक भगवान गुरु की पूजा की गई। क्षेत्र के खाना पट्टी स्थित अवधूत कुटी पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कुटी के सेवक दीप राज ने गुरु की महत्ता का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को बताया कि गुरु ब्रह्मा,विष्णु,व साक्षात परब्रह्म है इसलिए वह इस सृस्टि की सर्वोच्वह सत्ता है। गोस्वामी जी ने श्रीराम चरित मानस में लिखा है कि गुरु बिनु भव निधि तरीय न कोई,जो विरंचि संकर सम होई। कहा कि इस संसार सागर से पार होने के लिए गुरु कृपा अनिवार्य है बिना उसकी कृपा दृष्टि के ब्रह्मा और शंकर के समान शक्तिमान भी सदगति को नही पा सकता। प्रारम्भ में छत्तीसगढ़ के बनोरा अघोर आश्रम पीठाधीश्वर अघोरेश्वर प्रिय दर्शी राम के सूक्ष्म निर्देशन में श्रद्धालुओं द्वारा गुरुगीता का पाठ किया गया। हवन पूजन व आरती के पश्चात भजनीक मण्डल द्वारा गुरु महिमा का संकीर्तन हुआ। अंत मे प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में मुख्यतः दुष्यन्त सिंह,नेपाल यादव,मालती सिंह,ओम प्रकाश,राज कुमार मौर्य,अवधेश सिंह,उदय राज यादव अरुण सिंह,जितेंद्र कुमार दल्लू सिंह आदि रहे।इसी क्रम में शेरवा स्थित सन्त कीना राम आश्रम तथा सिउरा स्थित गुरु कुटी पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन हुआ।

## 5 ग्राम पंचायत की मत पेटिकाओं को एसडीएम ने कराया सील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 में दाखिल किए गए वादों की सूची के अनुसार बुधवार को अभिलेख निकलवाकर नामित नोडल अधिकारी से एसडीएम ने संबंधित वादों की मत पेटिकाओं को सील करवाया। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 में आए परिणाम के मद्देनजर बदलापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लच्छी पट्टी,रतासी तथा महाराजगंज ब्लॉक के बनवीरपुर पहाड़पुर तथा चेती के पराजित प्रत्याशियों ने एसडीएम न्यायालय में वाद दाखिल किया था कि मतगणना में धांधली कर हमें पराजित किया गया है। पुनर्मतगणना करा कर निष्पक्ष न्याय कराया जाए। इसी बात को लेकर एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार ने नायब तहसीलदार राजकुमार सोनकर को लच्छीपट्टी,व रताशी तथा महाराजगंज विकासखंड के बनवीर पुर, पहाड़पुर तथा चेती ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार बृजेश कुमार को बनाया गया है। दोनों नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में मतपेटिकाओं को सील किया गया।

## जर्जर भवन मे पढाई करने को मजबूर बच्चे : किसी भी समय हो सकता है भारी हादसा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयो की शिक्षा मे सुधार के लिये सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है लेकिन विद्यालयो के जर्जर भवनो की मरम्मत का कार्य नही करा पा रही है विद्यालय का शिक्षण सत्र अप्रैल से ही चल रहा है बारिस के मौसम मे किसी भी समय जर्जर भवन धराशायी हो सकते है ! प्राप्त जानकारी अनुसार महराजगंजक्षेत्र के कई परिषदीय प्राथमिक विद्यालय इतने जर्जर है जहॉ पठन पाठन समय अध्यापक व बच्चो दोनो की जान जोखिम भरी है मजबूरन उन्हे जर्जर भवनो मे पठन पाठन कार्य कराना पड़ रहा है ! जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण महराजगंज का प्राथमिक विद्यालय रामनगर उपधान है जो करीब बीस बर्ष पहले गुम्बदाकार मंदिर स्वरूप मे बनाया गया था उस भवन की सभी दीवारे छते सभी जर्जर हो चुकी है छतो मे दरारे फटी है बरसात होने पर छत से पानी टपकते हुए कमरो मे भर जाता है मौजूदा सत्र मे प्राथमिक विद्यालय रामनगरउपधान मे तीन अध्यापक दो शिक्षमित्र है 131 बच्चो का पठन पाठन कार्य इस जर्जर भवन के नीचे कराया जा रहा है !प्रभारी प्रधानाध्यापक छोटेलाल प्रजापति का कहते है कि जर्जर गुम्बदाकार स्कूल भवन की छत से लेकर दीवारे तक फटी है जो किसी भी समय धराशायी हो सकता है मरम्मत के लिये कई बार विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है !! इसी तरह प्राथमिक विद्यालय हरखपुर की भी दीवारे जर्जर है गाडर पटिया की छतहोने पर भी पानी टपकता है दीवारो की दरारो से पानी कमरे मे आ जाता है पठन पाठन मे दिक्कत पैदा होती है । हरखपुर के प्रवअध्यापक सुनील श्रीवास्तव का कहना है कि मौजूदा सत्र मे 92 बच्चो का पठन पाठन हो रहा है विद्यालय का मरम्मत कराया जाना नितांत आवश्यक है विभाग को कई बार पत्र द्वारा अवगत कराया जा चुका है।

## जर्जर भवन के डर से पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर है बच्चे : बारिश के दौरान एकमात्र कमरे में भागकर सर छुपाते हैं नौनिहाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्राथमिक विद्यालय गंगौली के अध्यापक व बच्चे गर्मी, सर्दी बरसात हर मौसम में पेड़ के नीचे खुले में पठन पाठन को मजबूर हैं, बारिश के दौरान एकमात्र कमरे में सर छुपाने के लिए दौड़ लगाकर उसी कमरे में खड़े रहते हैं। विकास खंड केराकत के ग्राम सभा गंगोली की स्थिति शिक्षा विभाग की कार्यशैली व उदासीनता को दर्शा रहा है, प्राथमिक विद्यालय गंगौली का भवन 1999 का बना हुआ हैं, बरसात के समय ये कभी भी जमींदोज हो सकता है, वही नये भवन का निर्माण तो नही हो रहा है, जर्जर भवन के भी गिरने का इंतजार विभाग कर रहा है जिससे किसी बड़ी दुर्घटना को नकारा नहीं जा सकता, प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक अनिल कुमार गिरि, सहायक अध्यापक कमलेश सिंह, रामबदन सरोज, मनोज कुमार, शिक्षामित्र सरिता यादव व ज्ञानी सिंह ने बताया कि इस समय 78 बच्चे हैं जिनका पठन पाठन जर्जर भवन के डर से पेड़ के नीचे करवाया जाता है, प्राथमिक विद्यालय गंगौली में एक कमरा 2010 में बनवाया गया बारिश के समय उसी कमरे के भरोसे बच्चो का सर ढका रहता हैं। इस सम्बंध के खंड शिक्षा अधिकारी केराकत मुकेश कुमार का कहना हैं कि बच्चो की सुरक्षा को देखते हुए कहा गया है कि जर्जर भवन में बच्चो को न बैठाकर पढ़ाया जाय व उसे जर्जर घोषित कर दिया गया है, शासन से धन आवंटन के बाद नए भवन का निर्माण कराया जाएगा।

## पीएच.डी.प्रवेश परीक्षा केंद्र का कुलपति ने किया निरीक्षण : तैयारियों का लिया जायजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में पीएच.डी प्रवेश परीक्षा 17 जुलाई को होगी। इसी के मद्देनजर परिसर में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 3973 विद्यार्थी



परीक्षा देंगे। मंगलवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कुलसचिव और सहायक कुलसचिव के साथ मूल्यांकन केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, संकाय भवन, रज्जू भैया शोध संस्थान और इंजीनियरिंग संस्थान के केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी जगह पानी , बिजली, वाशरुम की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी केंद्राध्यक्ष को निर्देश दिया की मूलभूत सुविधा के साथ–साथ सुचितापूर्ण परीक्षा होनी चाहिए। इस दौरान कुलसचिव महेंद्र कुमार, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, प्रो. रमेश मणि त्रिपाठी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, .मनीष कुमार गुप्ता, डा. राजकुमार, डा. गिरधर मिश्र,,डा. सुनील कुमार, श्याम श्रीवास्तव समेत कई शिक्षक शामिल थे।

## कॉलेज की लापरवाही से परीक्षा परिणाम में हो रही है देरी –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के द्वारा आंतरिक मूल्यांकन, सेशनल और प्रैक्टिकल के नंबर अभी तक नहीं भेजे जाने की वजह से परीक्षा परिणाम घोषित करने में दिक्कत हो रही है। महाविद्यालयों के इस कृत्य से विश्वविद्यालय



प्रशासन का रुख सख्त हो गया है। एजेंसी अपूर्ण रिजल्ट नहीं घोषित करना चाहती। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने परीक्षा नियंत्रक, सहायक कुलसचिव और निगरानी समिति के साथ बैठक कर ऐसे महाविद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों का अहित न हो। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने कहा है कि निर्देशित करने के बाद भी महाविद्यालयों की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों के अंतर्गत मेजर विषय, इलेक्टिव विषय, कोकरिकूलर विषयों के 25 फीसदी सतत आंतरिक मूल्यांकन के अंक प्राचार्य और प्राचार्या द्वारा विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग को उपलब्ध नहीं कराए गए। इस संबंध में रिमाइंडर दिया जा चुका है। अब इनको 18 जुलाई 2022 की अंतिम समय सीमा दी जा रही है अगर इस दौरान आंतरिक मूल्यांकन के अंक नहीं भेजे गए तो इसके लिए महाविद्यालय जिम्मेदार होंगे और उन पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित की अनदेखी नहीं करना चाहता, वह समय से परीक्षा परिणाम देने के लिए कृत संकल्प है।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के निकट पर्यवेक्षण मे तलाश वारण्टी/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मय हमराह पुलिस बल




द्वारा दिनांक 12.07. 2022 को समय 11:30 बजे 01 वारंटी इरशाद पुत्र स्व0 सूबेदार निवासी वार्ड नंबर 4 आदर्श भारत विद्या पीठ नगर पंचायत खेतासराय थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम 1. इरशाद पुत्र स्व0 सूबेदार निवासी वार्ड नंबर 4 आदर्श भारती विद्यापीठ नगर पंचायत खेतासराय थाना खेतासराय जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.SO यजुवेंद्र कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2. उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3.का0 अखिलेश कुमार मौर्य थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## सनातन धर्म आश्रम में विश्व साधु दिवस के रूप में मनाया गया श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सनातन धर्म आश्रम सनातन नगर में गुरु पूर्णिमा उत्सव विश्व साधु दिवस के रूप में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कई राज्यों के तमाम भक्तों ने आकर गुरु पूजन किया। डिस्ट्रिक्ट जज टी एन तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार आर एस शुक्ला,वरिष्ठ पत्रकार विनय राज तिवारी, दिवित उज्जवल, जितेंद्र चौधरी, सनातन धर्म परिषद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम मनोहर तिवारी, प्रधान रिंकू मिश्रा, अमरेंद्र पटेल, सपनिल तिवारी, अभय प्रकाश बाजपेई, एके बाजपेई, सपना,संजय सिंह, अजय निगम, अशोक कुमार तिवारी, उदय चंद्र, रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, अशोक दुबे, प्रत्यूष पाण्डेय, प्रज्ञा पांडे, अनिरुद्ध सिंह,आचार्य आर एल पाण्डेय सहित तमाम भक्तों ने गुरु पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।

## शिकायत पत्रो की जॉच हेतु अधिकारियो को मिली जिम्मेदारी!

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज खण्ड विकास की सभी शिकायतो का अतिशीघ्र निस्तारण हेतु बीडीओ महराजगंज द्वारा सभी अधिकारियो को न्याय पंचायत वार जिम्मेदारी सौपी है ! सीएम हेल्पलाईन तहसील दिवस आईजीआरएस डीएम कार्यालय से होकर आने वाली तमाम शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु खण्डविकास अधिकारी महराजगंज नितिन कुमार कुशवाहा ने एडीओ कापरेटिव संजय सिह पर राज्य वित्त ,15 वॉ वित्त, मनरेगा कार्यो की जॉच के साथ दो और न्याय पंचायत ढेमा, पूरागम्भीरशाह की जिम्मेदारी सौपी है !! एडीओ पंचायत के के पाण्डेय को एक न्याय पंचायत भटौली मिली है!इसी तरह एडीओ कषि सत्येन्द्र सिह को मुंहकुचा और आशामूलपुर न्याय पंचायत की जिम्मेदारी मिली है !बीओपीआरडी पंकज कुमार सिह को तीन न्याय पंचायत सरायगौरा ,भटपुरा,तथा कुम्भराजपुर की शिकायती जॉच की जिम्मेदारी है !अवर अभियंता आरईएस संजय कुमार निगम को जगापुर बनकट और आशामधुपुर दो न्याय पंचायत मिले है ! ये जानकारी एडीओ कृषि सत्येन्द्र सिह ने दी !

## राष्ट्रीय परशुराम परिषद का सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गॉव में बुध्दवार की दोपहर पूर्णिमा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संगठन के यूथ विंग परशुराम स्वाभिमान सेना के पंडित अमित मिश्र शास्त्री के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुल्तानपुर गॉव में स्थित उनके आवास पर सदस्यता ली । कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम का विधिा विधान से पूजा अर्चना कर उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर किया गया । इस राष्ट्रीय परशुराम परिषद की सदस्यता ग्रहण के उपरान्त पंडित अमित मिश्र शास्त्री ने कहा कि भगवान परशुराम जी ने धर्म स्थापना हेतु शास्त्र एवं शस्त्र दोनों ही धारण किया, उनके आदर्शों पर चलते हुए हम लोग प्राचीन मंदिरों मठों की रक्षा व्यवस्था का संकल्प लिये । साथ ही भाजपा की सरकार में मंदिरों के पुजारियों आचार्यों के हितों की दिशा में कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद दिये । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित दिनेश मिश्रा, चन्दन तिवारी, प्रयाग मिश्र, प्रमोद तिवारी, बिद्या तिवारी, मनमोहन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुंबई से छपरा जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में अचानक धुआं निकलने से यात्रियों में मची अफरा–तफरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंबई से छपरा जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में अचानक धुआं निकलने से यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई गार्ड ने वाकी टाकी से बात कर तत्काल चालक से कहकर ट्रेन रुकवाया ट्रेन रुकते ही यात्री भयभीत होकर डब्बे से कूदने लगे इसी अफरा–तफरी में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए कई लोगों का मोबाइल गायब हो गया ग्राम हरिपुर के पास 1 घंटे ट्रेन खड़ी रही किसी तरह से जांच पड़ताल कर ट्रेन को मड़ियाहूं स्टेशन लाया गया। जानकारी के अनुसार मुंबई से छपरा जाने वाली 11059 डाउन एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार को मुंबई से चलकर बुधवार को प्रयागराज जंघई होते हुए मड़ियाहूं की तरफ चली ही थी कि हरिपुर गांव के पास ट्रेन के बिल्कुल पीछे लगे जनरेटर कोच व उसके आगे की जनरल बोगी में ब्रेक जाम होने से धुआं निकलने लगा यात्री घबरा गए गार्ड फूलचंद चालक से बात कर ट्रेन रुकवा दी ट्रेन रुकते ही यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई लोग ट्रेन से कूदने लगे डब्बे में भगदड़ मचने से लगभग आधा दर्जन लोगों को चोटे आई घायल यात्रियों में बना 5 वर्ष निवासी बेल्थरा बलिया, अरबा 18 वर्ष सिवान बिहार ,राधेश्याम 12 वर्ष ग्राम भेजा मड़ियाहूं, विनोद कुमार 45 वर्ष शाहगंज, राजकुमार 30 खेतासराय सभी घायलों को एसी कोच में लाकर प्राथमिक उपचार किया गया ट्रेन 12रू20 से 1रू20 तक वहीं खड़ी रही एसी कोच के टेक्नीशियनों ने जांच पड़ताल कर ले आए यहां पर 1 घंटे तक जांच पड़ताल कर ट्रेन को मड़ियाहूं स्टेशन ले आते गार्ड फूल चन्द ने बताया कि प्रेसर कम बन रहा है जिसके कारण ट्रेन धीमी गति से 2.37 पर जौनपुर के लिए रवाना की गई।

## योगी सरकार में सभी वर्गों तक पहुंच रही जनकल्याणकारी योजनाएं – रमेश सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के हैदरपुर गांव में भाजपा जनों ने बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया।मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने सरकार की जन कल्याणकारी उपलब्धियां बताई।इस दौरान विधायक ने कहा की बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र व्यक्तियों तक सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।यदि किसी कारणबस कोई पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से छूट गया है तो उन्हें भी जल्दी ही लाभार्थी योजना से जोड़ा जाएगा। विधायक रमेश सिंह ने कहा की अन्य पार्टी की सरकारों में जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए विधायक के घर जाना पड़ता था।लेकिन योगी सरकार में पात्र व्यक्तियों को लाभार्थी योजना से जोड़ने के लिए विधायक जनता के घर घर तक पहुंच रहे हैं।वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता व पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने कहा की सत्ता की जगह सेवा भाव ही भाजपा की नीति है।उन्होंने मौजूद लोगों से भाजपा परिवार से जुड़ने की अपील करते हुए बूथ सशक्तिकरण पर बल दिया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष बंशबहादुर पाल,अमरनाथ मिश्र,जगदीश पांडेय,उमेश सिंह,विकास रंजन श्रीवास्तव,संजय श्रीवास्तव श्रीवास्तव,ओम प्रकाश यादव,अशोक मिश्र,डीएम दुबे,फूलचंद्र श्रीवास्तव वा रामआसरे मिश्र आदि लोग मौजूद रहें।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं की हुई पूजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बुधवार को क्षेत्र में गुरू पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गुरू पूर्णिमा पर शिष्यों ने अपने गुरूओं को दान दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मंदिरों स्कूलों व विभिन्न आश्रमों में गुरूओं की पूजा की गई। हरिहरपुर कंपोजिट स्कूल में बच्चों ने गुरुओं को उपहार देकर सम्मानित किया बच्चों ने कहा कि गुरु ज्ञान के बिना हमारा जीवन पशु समान है। गुरु से ही हमें अच्छे बुरे का ज्ञान होता है। गुरु के माध्यम से ईश्वर का बोध होता है। बिना गुरु के हम परमात्मा तक नहीं पहुंच सकते हैं।वही श्री त्रिभुवन नाथ महादेव मंदिर में गुरुदेव स्वामी रामानंद सरस्वती महाराज के चित्र पर भक्तों ने पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद त्रिभुवन बाबा व बपई भवानी का पूजन किया। मंदिर के पुजारी पल्लू शुक्ला ने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति की उत्पत्ति गुरु के चरणों से ही होकर प्रारंभ होती है। सोशल



मीडिया पर दिनभर गुरु पूर्णिमा पर लोगों ने अपने अपने गुरुजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से आशीर्वाद लिया और नमन किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने घर पर सत्यनारायण भगवान की कथा का भी रसपान किया।

## चोरी की मोटरसाइकिल व गांजा के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इमिलिया पुल बघाड़ी के पास बुधवार की सुबह चार बजे एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजेश गौतम पुत्र चौथी राम गौतम निवासी बरैया थाना सिंगरामऊ के रूप में हुई। उक्त अभियुक्त के पास से एक चोरी की मोटर साइकिल डेढ़ किलोग्राम गांजा व तीन स्क्रीन टच मोबाइल बरामद हुआ। सिंगरामऊ थानाध्यक्ष कमलेश कनौजिया ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी है इसके विरुद्ध पहले से अन्य कई आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

## बक्शा थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव के पास ट्रेन की चपेट में आकर 75 वर्षीय वृद्ध की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव के पास ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जंगीपुर निवासी गोवर्धन यादव 75 घर के पास एक बजे रात में शौच के लिये निकले थे कि रेलवे लाइन पर गिर गए और आ रही ट्रेन की चपेट में आ कर कट गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मौसम विभाग का दावा फेल हुआ :गर्मी का प्रकोप जारी : किसान कर रहे बारिश का इंतजार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावनाओं को लेकर मौसम विभाग का दावा एक बार फिर फेल हो गया है। रिकॉर्ड गर्मी और बारिश ना होने की संभावनाओं में सूखे आहट दे दी है। इससे सबसे अधिक किसान परेशान हैं। बुधवार रात का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने का अनुमान है, तो वहीं बारिश के दूर–दूर तक कोई आसान नजर नहीं आ रहे हैं। वही मौसम की बेरुखी के कारण तेज धूप और उमस भरी गर्मी से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। अयोध्या और उसके आसपास के जिलों में पूरे सप्ताह मौसम में बदलाव के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। अयोध्या और देवीपाटन मंडल के 9 जिलों में 30 जून और 1 जुलाई को मानसूनी बारिश



हुई थी, वह भी अनुमान से 76% कम बारिश दर्ज की गई है। वही आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी दिनों में उत्तर प्रदेश में बारिश के कोई आसार नजर नहीं आ आ रहे। दिन के तापमान में इजाफा होने की संभावना है। आने वाले दिनों में एक बार फिर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर लेगा।

# प्रेमिका नहीं सह पाई प्रेमी की जुदाई : प्रेमी की हत्या के एक माह बाद उसने भी कर ली खुदकुशी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम की नगरी अयोध्या से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है यहां अपने प्रियतम की जुदाई न बर्दाश्त कर पाने वाली एक प्रेमिका ने प्रेमी की हत्या के एक माह बाद जहर खाकर खुदकुशी कर ली। यह दर्दनाक घटना अयोध्या जनपद के थाना पूराकलंदर अंतर्गत ग्राम अंजना पूरे माफीदार का है। बतातें चलें कि 22 वर्षीय प्रेमिका का प्रेमी विकास यादव निवासी ग्राम रामपुर हलवारा कोतवाली अयोध्या विगत 9 जून को अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव अंजना पूरे माफीदार आया था वहाँ गाँव के ही तीन युवकों ने उसे प्रेमिका के साथ देख लिया जिस पर उन तीनों युवकों ने प्रेमी विकास को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। प्रेमी की हत्या के उपरांत उसके वियोग में घुट–घुट कर जी रही प्रेमिका अपने प्रेमी की जुदाई बर्दाश्त नहीं कर सकी अन्ततः उसने भी सोमवार को लगभग चार बजे कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। युवती की हालत बिगड़ने पर परिजन एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया आनन फानन में युवती को मेडिकल कॉलेज पहुँचाया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुका था वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यूँ हुआ एक प्रेम कहानी का दर्दनाक अंत।

# सावन झुला मेले को लेकर मण्डलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में दिनांक 14 जुलाई 2022 से प्रारम्भ हो रहे श्रावण झूला मेला व कांवड़ यात्रा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए की गयी तैयारियों की समीक्षा आयुक्त सभागार में की गयी। मण्डलायुक्त ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण किये जाने के निर्देश देते हुये कहा कि सभी अधिकारी बैठकों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुये बैठक में समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें तथा बिना पूर्व अनुमति के अपने कार्यस्थल से बाहर न जायें और यदि आकस्मिक कारणों से जाना पड़ता है तो उसकी सूचना व प्रतिस्थानी की जानकारी उपलब्ध करायें। उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी नोडल अधिकारी व विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुये इस वर्ष आयोजित मेले को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये तथा सभी विभाग अपने अपने निर्धारित कार्यो/दायित्वों का विशेष रूचि लेकर सम्पादित करें और सभी विभागाध्यक्ष स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें और कमियों को तत्काल दूर करें। मण्डलायुक्त ने बैठक की समीक्षा करते हुये यह भी निर्देश दिये कि कावंड़ यात्रियों के लिए जगह–जगह पर लगे संकेतक चिन्हों को यथाशीघ्र मेले के प्रारम्भ होने के पूर्व ठीक कराये, जिससे श्रद्वालुओं की यात्रा सुगम हो सकें। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सहायता केन्द्र, चिकित्सा केन्द्र, पेयजल आदि की व्यवस्था के लिए जिन–जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्युटी लगायी गयी है वह अपने निर्धारित पटलो पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे तथा जिन–जिन विभागों द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्गो पर सड़क की खुदाई, गड्ढे आदि का कार्य किया गया है उसको प्राथमिकता पर पूर्ण करते हुये रोडो को कांवड़ यात्रा के लिए सुगम बनायें। उन्होंने युवा कल्याण अधिकारी से कहा कि सहायता केन्द्रों पर जिनकी भी ड्युटी लगायी जाय उनको मेले के सम्बंध में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत विभाग को पोल पर करंट, ढीले तार आदि को सही कराने, परिवहन विभाग को यातायात व पार्किंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने, नगर निगम को सफाई की व्यवस्था, विकास प्राधिकरण को प्रकाश की व्यवस्था आदि को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक का संक्षिप्त विवरण अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल द्वारा दी गयी। उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेले के लिए जिला प्रशासन के निर्देशों का सूचना विभाग द्वारा एलईडी बैन, प्रचार वाहन व 100 सांस्कृतिक कार्यक्रम आवंटित किये गये है। समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अजय राजा, पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान में अनियमितता का आरोप और अभिलंब वेतन भुगतान की दोहराई मांग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के दो माहो से वेतन भुगतान ना होने के कारण शिक्षक भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान रोक दिए गए हैं और वर्ष 2000के पहले नियुक्त तदर्थ शिक्षकों को मानक के अनुरूप मानते हुए कोर्ट ने वेतन भुगतान का आदेश दिया था। जिसके अनुपालन में प्रदेशभर के शिक्षकों का वेतन मई और जून में में रोक दिया गया है। स्पष्ट निर्देश और शिक्षकों के वेतन निकलने के है। स्पष्ट न होने के कारण सारे माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन रुके हुए हैं इसके लिए शिक्षक संघ ने लिखित रूप में वेतन देने और धरना प्रदर्शन की नोटिस भी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक को लिखित रूप में दिया है। मात्र सात विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन भुगतान कर दिया गया है। जहां प्रबंध तंत्र द्वारा तदर्थ शिक्षक नहीं नियुक्त थे। बच्चू लाल इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार सिंह ने शिक्षकों के वेतन भुगतान पर सवाल उठाते हुए जिले के कोषाधिकारी एवं शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा था। जिसके क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला अधिकारी को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने को कहां है कि कौन से तदर्थ शिक्षक ऐसे है जिनका वेतन नियम अनुसार और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में निकाला जा रहा है।इसे अधिकारी सुनिश्चित करें ले कि जिले के शिक्षकों के नेता शशिकांत पांडे राजेंद्र कुमार गुप्त धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि ने अविलंब शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराने की मांग की है। उन्होंने जिले में तैनात शिक्षा अधिकारियों पर दोहरा मापदंड अपनाने और जानबूझकर शिक्षकों के वेतन समय से ना निकालने और इसमें अड़ंगा लगाने का आरोप मढ़ा है।

# एसटीएफ प्रभारी ने अवैध आरा मशीनों पर मारा छापा : अबैध आरा मशीन संचालकों में मचा हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर वन रेंज अंतर्गत तारुन ब्लॉक क्षेत्र में अवैधा रूप से संचालित आरा मशीनों को लेकर वन विभाग के उप प्रभागीय वन अधिकारी एन के सुधीर के नेतृत्व में एसटीएफ प्रभारी रविशंकर प्रसाद द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के चलते अबैध आरा मशीन संचालकों में हड़कंप मच गया है। उप प्रभागीय वन अधिकारी के निर्देशन में वन विभाग व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने तारुन थाना क्षेत्र के ताराडीह गांव स्थित महादेव यादव की गैर लाइसेंसी अवैध आरा मशीन पर संयुक्त टीम ने छापामारी कर प्लेट आदि अपने कब्जे में लेकर वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही किया। इसके अलावा एसटीएफ प्रभारी रविशंकर प्रसाद ने धानापारा गांव बीकापुर में संचालन का प्रयास कर रहे मेजर की अवैध आरा मशीन पर छापेमारी की ,आरा मशीन उखड़वाकर कब्जे में ले लिया। वन कर्मियों की टीम में बब्लू प्रताप,अखंड सिंह के साथ उमाकांत तिवारी,बीवी सोनकर शामिल रहे। एसटीएफ प्रभारी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि अवैध आरा मशीन संचालकों एवं अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा बिना लाइसेंस के संचालित पाए जाने पर अवैध आरा मशीन को कब्जे में लेते हुए आरा मशीन संचालकों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी में आयोजित दीक्षांत समारोह मुख्य अतिथि कंपनी कमांडर आईपीएस डाक्टर मिश्र के उपस्थिति में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के मीडिया सेल के मुताबिक 34 वी पीएसी वाहिनी बटालियन वाराणसी में अपना आगमन कराए 253 'रिक्रूट' आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण 13 जनवरी 2022 से प्रारम्भ होकर आज 12 जुलाई 2022 को समाप्त हुआ।मीडिया सेल के मुताबिक इस मौके पर प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत दीक्षान्त परेड समारोह वाहिनी के ऐतिहासिक परेड ग्राउंड पर, हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में कुशल अनुभवी व संस्था प्रमुख डा0 राजीव नारायण मिश्र (आई.पी.एस) सेनानायक 34वीं वाहिनीं पीएसी वाराणसी द्वारा भव्य परेड की सलामी ली गयी व शपथ दिलायी गयी। वही सेनानायक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को सच्ची निष्ठा, ईमानदारी, कड़ी मेहनत एवं लगन से अपने कर्तब्यों के निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इसी कड़ी में इस मौके पर आन्तरिक विषयों/ वाह्य विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रिक्रूट आरक्षियों व आई0टी0आई0,पी0टी0आई, प्रशिक्षको एवं आर0टी0सी0 में



अपना सहयोग देने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। उसके पश्चात पास आउट हुए प्रशिक्षुओं और इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए आए उनके परिवारी जनों को सेनानायक डॉक्टर मिश्र द्वारा शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सैन्य सहायक नरेश सिंह यादव, शिविर पाल देवपाल, सूबेदार सैन्य सहायक रणजीत कुमार तिवारी, आर0टी0सी0 प्रभारी श्री विजेंद्र सिंह व प्रेस/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई उघोग बन्धु की बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में आज मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार में किया गया। बैठक में मण्डलायुक्त ने उपायुक्त उद्योग से कहा कि शासन द्वारा उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इज आफ ड़इंग बिजनेस कार्य प्रणाली लागू की गयी है, जिसके माध्यम से उद्योग में आने वाली समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करते हुये उद्योग को प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने कहा कि मण्डल के किसी भी इंडस्ट्रीरियल एरिया में बरसात का पानी एकत्रित न हों यह सुनिश्चित करें तथा बैंको द्वारा लघु उद्योगों के लिए प्राप्त ऋण आवेदन प्रपत्रों को अनावश्यक कारणों से निरस्त न किया जाय। मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बैठक में प्रतिभाग करने से पूर्व गत बैठक में जारी कार्यवृत्त से गहनता से अध्ययन करें तथा सम्पूर्ण तैयारियों व सूचनाओं के साथ बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें। अनावश्यक कारणों से प्रतिनिधियों को प्रतिभाग करने के लिए न भेजें। मण्डलायुक्त ने बैठक की समीक्षा करते हुये सर्वप्रथम गत बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। तत्पश्चात उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित मण्डल के उद्योग बन्धु व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा जलभराव, गड्ढे, साफ सफाई, विद्युत आदि की आ रही समस्याओं के बारे में बताया गया, जिस पर मण्डलायुक्त ने सभी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। मण्डलायुक्त ने शासन स्तर पर आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी–3 में प्रतिभाग करने वाली मण्डल की इकाईयों की समस्याओं के निस्तारण हेतु विस्तृत समीक्षा की गयी। जी0बी0सी0–3 में प्रतिभाग करने वाली जनपद अयोध्या की 12, अम्बेडकरनगर की 05, बाराबंकी की 44, सुल्तानपुर की 03 एवं अमेठी की 20 इकाईयां है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर नियमित उद्योग बन्धुओं की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कराते हुये स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग एच0पी0 सिंह, उपायुक्त उद्योग अयोध्या, सहित, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व प्रतिनिधि एवं बैंक व सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोहावल तहसील में भ्रष्टाचार के रोज निकल रहे नए–नए कारनामे सीएम की शिकायत पर भी नजर नहीं आ रहा सुधार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले की सोहावल तहसील में रोज नए–नए मामले आ रहे हैं जिससे तहसील की कार्यप्रणाली बे पटरी हो गई है यहां पर तैनात तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता की भ्रष्टाचार के मामले को लेकर शिकायतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से स्थानीय जनता के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा एवं अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी सहित कई लोगों ने शिकायतें भेजकर कार्रवाई की मांग विगत दो माह से कर रहे हैं परंतु अभी तक प्रभावी कार्यवाही ना होने के चलते तहसील मैं कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों के कान पर जूं नहीं रेंग रही है और तब से लगातार भ्रष्टाचार के मामले आते जा रहे हैं और इसकी परत दर परत अपने आप खुलती जा रही है। शिकायत के कुछ दिन बाद कानूनगो नरसिंह नारायण लाल श्रीवास्तव घूस लेते हुए रंगे हाथ इंटेलिजेंस से पकड़ कर जेल भेज दिए गए और कुछ दिन पूर्व मजनावा गांव की किसान सुन्दरलाल की खतौनी जिंदा रहते दूसरे के नाम कर दिया गया था। इसी तरह तहसीलदार के कोर्ट में चल रहे दाखिल खारिज बाद हकबरारी बाद आबादी दर्ज करने वाली मामलों में बिना मोटी रकम लिए पीठासीन अधिकारी द्वारा आदेश नहीं किए जा रहे हैं इसकी लगातार शिकायतें आ रही हैं परंतु काफी दिनों से जमे तहसीलदार के पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है गरीब जनता की जेब कट रही है और वही उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन पर वाट लगा रहा है तहसील भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है यहां पर कार्यरत अधिवक्ताओं और अधिकारियों मैं प्रयास वाद विवाद हुआ करते हैं अभी हाल में आई नवागत एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव से जनता को काफी उम्मीदें है परंतु अभी तक इसी तरह का सुधार तहसील में दिखाई नहीं पड़ रहा है। तहसीलदार स्वप्निल वर्मा द्वारा दक्षिण पारा गांव की एक खतौनी में नकल में अपना हस्ताक्षर ना होने की पुष्टि किया और इसकी शिकायत तहसीलदार और एसडीएम से करके जांच कर कार्रवाई की मांग की जिस पर इसके लिए जिम्मेदार वासिल बाकी नवीन भूपेंद्र सिंह के स्तर से जारी इस नकल के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कार्यवाही की लिए डीएम को पत्र भेजा है। नवागत एसडीएम सुहावल ने तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता के खिलाफ की गई शिकायत की जांच आने की पुष्टि दबी जबान से की है परंतु अभी तक क्या कार्रवाई की इस पर कुछ बोलने से कतरा रहे हैं।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने तहसीलदार को सौंपा मांग पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से अपनी मांगों के संबंध में मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार बीकापुर राजेश कुमार वर्मा को मांगपत्र दिया गया। इस मौके पर मोर्चा के नेताओं जिला संयोजक मायाराम वर्मा, रामतेज वर्मा शेख मोहम्मद इस्हाक, कमला प्रसाद बागी,राम तिलक, अवध राम यादव, राम तीरथ पाठक माता बदल, ने बताया कि केंद्र सरकार संयुक्त किसान मोर्चा के साथ किए गए वादे पूरे करने से पीछे हट रही है। सरकार ने वादा करके एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं दी। केंद्र सरकार ने किसान संघर्ष के दौरान किसानों पर दर्ज पुलिस केस तुरंत रद्द करने का वायदा किया था, जो पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी घटना का मुख्य साजिश करता अजय मिश्रा टैनी संवैधानिक और राजनैतिक मर्यादा वाले केंद्रीय मंत्री के पद पर बिराजमान है और उसका लड़का इस घटना का मुख्य आरोपित आशीष मिश्रा मोनूं सरकार, पुलिस प्रशासन और सरकारी वकील के सांझे प्रयासों के कारण जमानत पर जेल से बाहर आ गया है, जिसके प्रति किसानों में गुस्सा है। 12 सूत्रीय मांगों में अग्निपथ योजना वापस लिया जाए, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान शीघ्र कराया जाए, 1000000 तक के लोन ब्याज रहित किसानों को दिया जाए, किसानों की बिजली बिल माफ किया जाए एवं सिंचाई हेतु फ्री बिजली दी जाए, किसानों के संपूर्ण कर्जा माफ किया जाए, आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए, आवारा पशुओं से फसलों को बचाया जाए, आंदोलन के दौरान शहीद परिवार को 5000000 रुपए मुआवजा दिलाया जाए, डीजल पेट्रोल रसोई गैस की मूल्य वृद्धि रोकी जाए तथा 2014 के मूल्य के स्तर पर पहुंचाया जाए, मनरेगा को कृषि से जोड़ा जाए आदि रही। इस मौके पर राम प्रकाश तिवारी अरविंद वर्मा डॉक्टर भागीरथी वर्मा राम लॉर्ड अब्दुल वहीद ओम प्रकाश वर्मा सत्रोहन मोहम्मद अख्तर रामशंकर वर्मा आदि नेता मौजूद थे।

## शिक्षकों और कर्मचारियों के नियमित वेतन भुगतान का शासनादेश जारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राजकीय शिक्षक संघ उ०प्र० के प्रान्तीय अध्यक्ष सुनील कुमार भड़ाना एवं महामंत्री डॉ रवि भूषण के आवाह्न पर प्रदेश के सभी जिलों में मंत्री/सांसद/विधायक को सौंपे गए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन और रमसा के वेतन को नियमित करने की मांग के समर्थन में आगामी 15 जुलाई को लखनऊ में शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय परिसर में होने वाले धरना प्रदर्शन के प्रभाव के कारण रमसा विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के नियमित वेतन भुगतान का शासनादेश हुआ जारी। राजकीय शिक्षक संघ उ०प्र० के प्रान्तीय प्रवक्ता और जीआईसी अयोध्या के वरिष्ठ शिक्षक राजेश कुमार शुक्ल ने प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री , माध्यमिक शिक्षा मंत्री जी मा०अपर मुख्य सचिव सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों और संगठन के प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं संघर्षशील साथियों के प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाजपा नेता विशाल मिश्र के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तुलसी नगर स्थित राजेंद्र निवास में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में अयोध्या के आम जनमानस को अयोध्या में बढ़ती आवा जाही से उत्पन्न दुशवारियों पर चर्चा हयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता विशाल मिश्र ने कहा कि जल्द ही जनसंवाद के माध्यम से अयोध्या की बढ़ती भीड़ व आम जनमानस के बीच सामंजस्य के समाधान निकालने के प्रयास किए जाएँगे और उन विकल्पों को प्रशासन व उच्चाधिकारियों के समक्ष रखकर उन पर अमल करने की माँग की जाएगी। राम की पैड़ी सहित अनेक स्थानो पर बेतरतीब वाहनो के खड़ा करने से आए दिन स्थानीय जनो से विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। इसके समाधान के लिए भी अधिकारियों से बात करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से आचार्य सतेन्द्र दास वेदांती जी ,सौरभ तिवारी बाबा, अखंड प्रताप सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव पंकज पाण्डेय ,मनीष शुक्ला , राकेश मौर्य , सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्रवण झूला मेला 2022 को लेकर बैठक आज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में श्रवण झूला मेला 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने व अब तक विभिन्न अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओ द्वारा की गई तैयारी की समीक्षा हेतु एवं जनप्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिको, प्रेस प्रतिनिधियो, विभागीय अधिकारी के सुझाव हेतु आवश्यक बैठक दिनांक 13 जुलाई 2022 दिन बुधवार को सांय 04 बजे सांस्कृतिक मंच अर्न्तराष्ट्रीय बस स्टेशन निकट जय सर्विस अयोध्या में आयोजित की गई है। बैठक में सभी से समय से तैयारी व सूचनाओ के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी अयोध्या श्री सलिल कुमार पटेल ने दी है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर, अयोध्या में आज एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 185 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उनमें से 70 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों के एच0आर0 के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु सहायक निदेशक, सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने रोजगार मेले में आये हुए बेरोजगार युवाओं का उत्साह वर्द्धन एवं नियुक्ति पत्र कम्पनी के एच0आर0 एवं सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, राम कुमार द्विवेदी द्वारा वितरित किया गया। इसी क्रम में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, परिसर अयोध्या में एक कैरियर कांउन्सिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पूर्व चयन के लिये अनुशासन एवं संक्षिप्त जबाब देने के लिये टिप्स दिये गये। उक्त जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

# सांसद ने चौपाल लगाकर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सांसद लल्लू सिंह ने रुदौली विधानसभा की आठ ग्राम सभाओं में चौपाल लगाकर सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। जनसभा स्थल पहुंचने सांसद लल्लू सिंह का स्थानीय लोगो ने स्वागत किया। उन्होने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों व यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने प्रति सरकार कटिबद्ध है। कई परियोजनाओं के माध्यम से अयोध्या के विकास की पटकथा तैयार की जा रही है। वैश्विक मानकों के अनुरुप अयोध्या रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। अयोध्या को जोड़ने वाले हर मार्ग को परिवहन की दृष्टि से बेहतर किया जा रहा है। पयर्टन को बढ़ाने की दृष्टि से सरकार ने कई काम किये है। जिसका असर दिखाई देना प्रारम्भ हो गया है। उन्होने कहा कि पयर्टन के बढ़ने से रोजगार सृजन होगा। जिसका लाभ अयोध्या ही नहीं अपित अगल बगल के जनपद को भी होगा। वैश्विक स्तर पर रामायण की आध्यात्मिक उर्जा का संचार करने वाले पौराणिक स्थलों को समेटे चौरासी कोसी परिक्रमा पथ जल्द साकार स्वरुप में आने वाला है। उन्होने कहा कि सरकार ने सौभाग्य योजना के तहत पात्रों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिया है। हर गांव, हर मजरे तथा हर घर तक विद्युत कनेक्शन देना सरकार की बड़ी उपलब्धियों में एक है। सरकार की नीतियां गरीबों, किसानों व मजदूरों के उत्थान के प्रति समर्पित है। इसके उत्थान व समृद्ध करने के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। गरीबों को निःशुल्क आवास, शौचालय दिया गया है। भोजन निर्माण के लिए हर घर में गैस सिलेण्डर की व्यवस्था की गयी है। रुदौली विधानसभा की अल्हवाना, पस्ता, हंसनामऊ, जलालपुर, परसौली, बारी, मांगी चांदपुर, खैरनपुर में उन्होने ग्राम चौपाल लगायी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।